<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**26 अप्रैल** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समस्त नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा कार्यक्रम।
- होमगार्ड के करीब बयालीस हजार पदों पर भर्ती के लिए आयोजित तीन दिवसीय लिखित परीक्षा की कल हुयी शुरूआत। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष एस.बी. शिरडकर ने कहा– परीक्षा को लेकर सतर्क है पुलिस।
- जनगणना दो हजार सत्ताइस के लिये टोल फ्री नम्बर एक आठ पांच पांच हुआ सक्रिय। हेल्पलाइन से मकान सूचीकरण और आवास जनगणना सम्बन्धी मिल सकेगा मार्गदर्शन।
- प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने अट्ठाइस अप्रैल से गरज–चमक के साथ वर्षा का जताया पूर्वानुमान।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ तैंतीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी के द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

**********

प्रदेश में होमगार्ड के लगभग बयालीस हजार पदों पर भर्ती के लिए तीन दिन तक चलने वाली लिखित परीक्षा एक हजार तिरपन केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजित की जा रही है। कल से शुरू हुयी परीक्षा में सभी केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये गये थे। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष एस.बी. शिरडकर ने बताया कि होमगार्ड परीक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस सतर्क है। प्रदेश में होने वाली परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी नजर रखी जा रही।

**********

पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर कल उन्हें प्रदेश भर में श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें नमन करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुगुणा जी भारत की राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ थे। श्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास को लेकर बहुगुणा जी का अपना विजन था।

***उत्तर प्रदेश के अंदर मुख्यमंत्री के रूप में विभिन्न विभागों के मंत्री के रूप में उनकी सराहनीय सेवाएं थी। उत्तर प्रदेश के विकास का उनका अपना एक विज़न था और उस विज़न को आज भी जमीनी धरातल पर उतरते हुए और उसे प्रभावी ढंग से आगे लागू करते हुए आज हम सब महसूस कर सकते हैं। इसी प्रकार से केंद्र सरकार के भी अनेक मंत्रालयों में उन्होंने अपनी सेवाएं दी। एक लंबे राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन के अपने कार्यकाल के दौरान देश के प्रति उनकी सेवाएं उल्लेखनीय रही हैं।***

**********

प्रदेश के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कल वाराणसी में नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में श्री शर्मा ने शहर के समग्र विकास, स्वच्छता, जल निकासी एवं विद्युत आपूर्ति को लेकर सख्त निर्देश देते हुए कार्यों में तेजी और गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। एक रिपोर्ट–

***बैठक में नगर विकास और ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए नालों की सफाई कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। सड़क एवं शहरी सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री शर्मा ने सड़कों के किनारे इंटरलॉकिंग कार्य को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। नगर विकास मंत्री ने सीएम ग्रिड योजना एवं वैश्विक नगरोदय योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि इन योजनाओं के माध्यम से वाराणसी के विकास कार्यों में तेजी लाई जाए। ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने निर्बाध एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने को कहा। मनीष सिंह आकाशवाणी समाचार वाराणसी।***

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी उन्तीस अप्रैल को गंगा एक्सप्रेस–वे के प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर तैयारिया तेज हो गई हैं। इसी क्रम में कल हापुड़ की जिलाधिकारी कविता मीणा ने जिला मुख्यालय सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य समय से पूरे कर लिए जाएं।

**********

भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त कार्यालय के अनुसार, जनगणना दो हजार सत्ताइस के लिए देश भर में टोल फ्री नंबर एक आठ पांच पांच सक्रिय हो गया है। इस हेल्पलाइन से मकान सूचीकरण और आवास जनगणना संबंधी मार्गदर्शन लिया जा सकेगा। ये सूचना क्षेत्रीय भाषाओं और अंग्रेजी में उपलब्ध होगी।

**********

केन्द्र सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन कर अर्थशास्त्री अशोक कुमार लाहिड़ी को आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री लाहिडी, वर्तमान उपाध्यक्ष सुमन बेरी का स्थान लेंगे। राजीव गौबा, प्रोफेसर के.वी. राजू, प्रोफेसर गोबर्धन दास, डॉ. एम.श्रीनिवास और प्रोफेसर अभय करंदीकर को आयोग का पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी नवनियुक्त अधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं और विश्वास व्यक्त किया है कि सभी के प्रयासों से देश में नीति निर्माण को नई ऊर्जा मिलेगी।

**********

प्रदेश की महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्य मन्त्री प्रतिभा शुक्ला ने कल बाँदा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित संवैधानिक संशोधन विधेयक के पारित नहीं होने को लेकर जन आक्रोश यात्रा में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने प्रदेश की आधी आबादी के साथ विश्वास घात किया है।

***प्रदेश की आधी आबादी का जो विश्वासघात किया उसमें महिला विरोधी मानसिकता को पूर्णतया उजागर भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा था कि नीति निर्धारण में महिलाओं की भागीदारी को देना कोई उपकार नहीं है बल्कि उनका स्वाभाविक अधिकार है। जिन्होंने एक ऐतिहासिक अवसर में बाधा भी डाली है। उन्हें आने वाले चुनाव में महिलाओं के कड़े आक्रोश का सामना भी करना पड़ेगा।***

**********

इटावा जिले की एक सौ सत्रह ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी खोली जा रही हैं, जिनमें से पैंसठ में सुविधा शुरू हो गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित कुमार ने बताया कि लाइब्रेरी में एनबीटी की किताबें, फर्नीचर, इंटरनेट और लाइटिंग की पूरी व्यवस्था है।

***ये ग्राम पंचायतों में ग्राम सचवालय जो है हमारे ग्राम पंचायत भवन बने हैं उनको ग्राम सचवालय का नाम दिया गया है। उसमें एक बड़े–बड़े हॉल बने हुए हैं। उसमें जो हम लोगों ने इसको संचालित कराया गया है। इसका पूर्ण रूप से जिम्मेदारी ग्राम पंचायत सहायक को दी गई है। संचालन की देखरेख की पूर्ण रूप से जिम्मेदारी ग्राम पंचायत सचिव की रहेगी। एडीओ पंचायत और खंड विकास अधिकारी हमारे हैं वो जो इसकी मॉनीटरिंग करेंगे।***

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, आगरा और गोरखपुर सहित कई जिलों में अधिकतम तापमान के चालीस डिग्री से अधिक रिकॉर्ड होने के चलते लोगों का जन–जीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश भर में गर्मी और लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही अट्ठाइस अप्रैल से गरज–चमक के साथ हल्की वर्षा होने और तापमान में गिरावट दर्ज किये जाने की उम्मीद भी जतायी है। वहीं प्रदेश सरकार ने बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुए प्रदेश के समस्त गो–आश्रय स्थलों में पशुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश जारी किए हैं।

**********

यूपी स्टेट संब जूनियर कैडेट कराटे चैम्पियनशिप में कल दूसरे दिन लखनऊ के खिलाड़ियों ने पांच स्वर्ण पदक जीत कर अपना दबदबा कायम रखा। लखनऊ के चौक स्टेडियम में आयोजित इस चैम्पियनशिप में लखनऊ के खिलाड़ी अब तक कुल आठ स्वर्ण पदक जीत कर सबसे आगे चल रहे हैं। तीन स्वर्ण पदक के साथ वाराणसी दूसरे स्थान पर है। मेरठ, और बुलंदशहर को दो–दो तथा आगरा, गाजीपुर, बलिया और बांदा को एक–एक स्वर्ण पदक मिले हैं।

**********

आईपीएल क्रिकेट में आज लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। यह मैच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जायेगा। दोनों टीमों ने कल स्टेडियम अभ्यास किया। लखनऊ सुपर जायंट्स ने अब तक सात मैचो में से दो मैच जीते हैं जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स ने सात मैचों में केवल एक जीत दर्ज की है।

**********